Bharat Temples

सूरत सलोनी नैना कारे,
तुमसे अच्छा कौन है,
चाँद तारे तुम को निहारे,
तुमसे अच्छा कौन है,
सूरत सलोनी नैना कारे,
तुमसे अच्छा कौन है।।

तर्ज चाँद तारे फूल शबनम।

श्याम से मिलने है आई,
आसमा से चाँदनी,
खाटू नगरी दुल्हन सी लगती,
हर तरफ है रोशनी,
दरबार ऐसा कही,
खाटू के जैसा नहीं,
स्वर्ग से प्यारे,
सुंदर नज़ारे,
तुमसे अच्छा कौन है,
सुरत सलोनी नैना कारे,
तुमसे अच्छा कौन है।।

हर तरफ खुशियाँ है छाई,
दिल में ये विश्वास है,
हर नजर में श्याम दिखता,
सांवरा मेरे पास है,

जब से तू मुझको मिला,
दिल में ना शिकवा गिला,
खुशबू से महके सारे नज़ारे,
तुमसे अच्छा कौन है,
सुरत सलोनी नैना कारे,
तुमसे अच्छा कौन है।।

दिल में है धड़कन ये जबतक,
श्याम का दीदार हो,
सांस लू जब आखरी मैं,
आप का दरबार हो,
गिन्नी दीवानी तेरी,
धड़कन तू बाबा मेरी,
सोनी कहता औ मेरे बाबा,
तुमसे अच्छा कौन है,
सुरत सलोनी नैना कारे,
तुमसे अच्छा कौन है।।

सूरत सलोनी नैना कारे,
तुमसे अच्छा कौन है,
चाँद तारे तुम को निहारे,
तुमसे अच्छा कौन है,
सुरत सलोनी नैना कारे,
तुमसे अच्छा कौन है।।

Singer : Ginny Kaur

Source: https://www.bharattemples.com/tumse-achcha-kaun-hai-bhajan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw